

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में सुष्मिता चौहान ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में सरगुजा की खिलाड़ी सुष्मिता चौहान ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। सुष्मिता ने छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हुए जिले का नाम रौशन किया। बताया जा रहा है कि चंडीगढ़ में 28 से 30 दिसम्बर तक 9वीं सीनियर गतका चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने भी हिस्सा लिया। प्रदेश की टीम से सरगुजा की गतका खिलाडी सुष्मिता चौहान ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की, वहीं शिवरतन ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सुष्मिता चौहान का यह पदक उनके निरंतर अभ्यास और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा जिले की खेल प्रतिभा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। सरगुजा गतका को-ऑर्डिनेटर रजत सिंह ने बताया कि गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित प्रशिक्षण के कारण जिले के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर द गतका एसोसिएशन सरगुजा के सभी पदाधिकारियों ने सुष्मिता चौहान को ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर तथा शिवरतन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लर्निंग लाइसेंस हेतु जिले में विशेष शिविर 7 से

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत परिवहन एवं पुलिस विभाग के द्वारा लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जा रहा है । जिसके अंतर्गत 7 जनवरी को सबाग, तहसील कार्यालय सामरी, कुसमी में एक दिवसीय शिविर ,तहसील कार्यालय कुसमी, शंकरगढ़ , राजपुर में 8 एवं 9 जनवरी को दो दिवसीय, रामानुजगंज में 11 एवं 12 जनवरी, पुराना बस स्टैंड बलरामपुर में 7 एवं 8 जनवरी,तहसील कार्यालय वाड्रफनगर में 11 एवं 12 जनवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा। जो भी लाइसेंस बनवाना चाहते हैं आधार कार्ड , पेन कार्ड, दसवीं का मार्कशीट लेकर उपस्थित होंगे। लाइसेंस के लिए (शासकीय शुल्क एवं परिवहन सुविधा केन्द्र शुल्क) एक केटेगरी लाइसेंस 400 रुपए, दो केटैगरी लाइसेंस 500 रुपए, शुल्क निर्धारित है। प्रशासन ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर का लाभ उठाकर वैध लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करें एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

### एक हजार का आंकड़ा भी नहीं हुआ पार

# पीएम सूर्यघर योजना में नहीं आ रही तेजी एक साल में 736 लोगों ने लगवाया प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पीएम सूर्य घर योजना को लेकर चलाए गए अभियान में कोई खास सफलता मिलती नजर नहीं आ रही है । आलम यह है कि एक साल की अवधि में सरगुजा संभाग में योजना का लाभ लेने के लिए 4638 लोगो रजिस्ट्रेशन कराया लेकिन महज 736 हितग्राही ही इस योजना का लाभ ले पाए। एक साल में पीएम सूर्य घर योजना का आंकडा एक हजार भी पार नहीं कर पाया। इसके पीछे की मुख्य वजह जागरूकता की कमी और प्रचार प्रसार के आभाव को माना जा रहा है हालांकि अधिकारियों का कहना है कि योजना का लाभ लोगों को दिलाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

**खास बात**

- 46 सौ ने कराया है रजिस्ट्रेशन, अभी भी जागरूकता की कमी बड़ी चुनौती

बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा मध्यम और गरीब तबके के लोगों को महंगे बिजली बिल के झंझट से मुक्ति दिलाने के साथ ही बिजली विक्रेता बनाने के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर योजना की शुरुआत की गई है। कोल आधारित बिजली के विकल्प में शासन द्वारा सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करने के उद्देश्य से इस योजना को लॉन्च किया गया क्यों कि कोल आधारित बिजली के कारण पर्यावरण का प्रदुषण होता है। यही वजह है कि सरकार सौर ऊर्जा पर ज्यादा जोर दे रही है लेकिन योजना को लेकर सरगुजा में कोई खासा असर देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसा इसलिए क्यों कि सरगुजा संभाग में अब तक सिर्फ 736 लोगों ने के साल की अवधि में सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाया है। आंकड़ों की बात की जाए तो सरगुजा संभाग में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 8 लाख है और इनमें से इस योजना का लाभ लेने के लिए महज 4 हजार 6 सौ 38 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन सूर्य घर योजना का प्लांट लगवाने वालों का आंकडा 1 हजार भी नहीं पहुंच पाया। अंबिकापुर सर्किल में 1887 लोगो ने आवेदन किया है जिनमे से 483 उपभोक्ताओं ने ही प्लांट लगवाया। इसी तरह बैकुंठपुर सर्किल में 1709 लोगो ने आवेदन किया है जिसमे 157 लोगो को ही इसका लाभ मिल सका है जबकि कुनकुरी सर्किल में 1040 लोगो ने आवेदन किया है जिसमे सिर्फ 96 को ही इसका लाभ मिल सका है जबकि एक साल पहले सरगुजा में 14 लोगों ने ही सोलर लगवाया था। इसके पीछे विभाग का कहना है कि ये योजना उपभोक्ता ओरिएंटेड है जिसके कारण उपभोक्ता को खुद रजिस्ट्रेशन करना होता है इसके अलावा एक मुश्त राशि देनी पड़ती है जिसके कारण लोग दिलचस्पी नही ले रहे है हालांकि विभाग का कहना है कि वेंडरों को निर्देशित कर प्रचार प्रसार और प्लांट की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है और आने वाले दिनों में इस बेहतर योजना से लोग लाभान्वित हो सकेंगे।



सूर्यघर योजना के तहत लगाया गया प्लांट।

### अधिकतम 1 लाख तक की सब्सिडी

बताया जा रहा है कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत हितग्राहियों को सब्सिडी भी प्रदान की जाती है और बैंक लोन की भी सुविधा है। अधिकारियों का कहना है कि एक किलोवॉट का पैनल लगवाने पर 45 हजार रुपए की सब्सिडी है जिसमें 30 हजार रुपए सेन्ट्रल और 15 हजार रुपए राज्य सरकार देती है। इसी तरह 2 किलोवॉट का पैनल लगवाने पर 90 हजार रुपए की सब्सिडी है जिसमें से 60 हजार रुपए केंद्र व 30 हजार रुपए राज्य सरकार देती है। वहीं 3 किलोवॉट का पैनल लगवाने 1 लाख 8 हजार तक कि सब्सिडी है जिसमें केंद्र सरकार 78 हजार रुपए व राज्य सरकार 30 हजार रुपए तक की सब्सिडी देती है। सोलर पैनल लेने के लिए बैंक से किफायती दरों पर लोन की व्यवस्था भी है।

#### बेच सकते है बिजली

अधिकारियों का कहना है कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत हितग्राही को स्वयं से ऑनलाइन आवेदन करना होता है और वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर में बिजली लेने- देन की व्यवस्था है। सोलर पैनल से प्रति किलोवॉट 4 यूनिट प्रतिदिन बिजली का उत्पादन होता है। इस हिसाब से प्रतिमाह सोलर पैनल से तीन से साढ़े तीन सौ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति की प्रतिमाह यदि 150 से 200 यूनिट तक ही बिजली खपत किया जाता है तो वह शेष बिजली को विद्युत विभाग को बेच सकता है और इसके बदले राशि उसके पास क्रेडिट हो जाएगी।

#### कर रहे है प्रचार प्रसार

सूर्य घर योजना को लेकर प्रयास किए जा रहे है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ लें। वितरण केंद्र स्तर पर प्रचार प्रसार कर रहे है। जागरूकता अभियान के साथ ही शिविर भी लगाए जा रहे है। लोगों में जागरूकता आई है और लोग सोलर पैनल लगवा भी रहे है।

-आवेदन कुजूर
प्रभारी मुख्य अभियंता



# पटवारी करता था कोचियों के लिए रकबा में हेरफेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

किसानों के दस्तावेजों में कूटरचना कर अवैध धान खपाने के मामले में पुलिस ने अब एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए कोचिया भाइयों के मोबाइल फोन से मिले सबूतों के बाद पटवारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पटवारी ही कोचियों को किसानों के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रकबा बदलकर धान खपाने के लिए देता था। पुलिस द्वारा फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है।

- खपाता था अवैध धान
- पुलिस ने दो पटवारी समेत दो को किया गिरफ्तार

बता दें कि सनावल पुलिस ने यूपी का अवैध धान खपाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुर्लूडीह निवासी 35 वर्षीय श्याम सुन्दर गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता व शिवम गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता को धारा 3,7 ईसी एक्ट 1955 एवं बीएनएस की धारा 318(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 400 बोरी अवैध धान, भारी मात्रा में किसानों के कूटरचित दस्तावेज कटा हुआ चेक, लेखा जोखा पर्ची, राशि जमा पर्ची, भरा हुआ विड्रॉल फार्म, जिला सहकारी बैंक से इंडियन बैंक सुपाचुवा (उप्र) का आरटीजीएस फार्म, तौल पर्ची, करीब 400 बोरी अवैध धान, चेक बुक 62 नग, किसान किताब भाग एक 46 नग, भाग- दो 59 नग, वन अधिकार पुस्तिका 2 नग, केसीसी पास बुक 19 नग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का पास बुक 161 नग, बड़ा डायरी 13 नग, पॉकेट डायरी 8 नग, कटा हुआ चेक 22 नग, डेली अटेंडेंस (बिना भरे हुये) जिला सहकारी बैंक का रजिस्टर 02 नग, विड्रॉल फार्म भरा हुआ 261 नग, सामान्य हिसाब किताब एवं बिल पर्ची 550 नग, विड्रॉल फॉर्म कोरा (बिना भरे हुये) 1 बंडल बैंक का जमा पर्ची एवं टोकन पर्ची 150 नग, धान खरीदी केन्द्र का तौल पर्ची 100 नग व नगदी बरामद किया था। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं जब पुलिस ने सरगना श्याम सुन्दर गुप्ता के मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें से अहम सुराग मिले। पुलिस ने जांच के बाद पटवारी संजय सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी पटवारी ही ⏭ शेष पेज 4 पर

# खाना देने में देरी की तो बुजुर्ग ने पत्नी को उतारा मौत के घाट



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

साल के पहले सनकी वृद्ध ने अपनी पत्नी की डंडे से बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। खाना देने में लेट होने पर आरोपी ने वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साल के पहले दिन हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि तातापानी चौकी अंतगत ग्राम आम सेन्दुर कोटवारी टाड़ निवासी 65 वर्षीय रामदेव कोड़ाकू आ. स्व. सिधन कोड़ाकू पत्नी रूनिया कोड़ाकू उर्फ रनिया कोड़ाकू के साथ रहता था। 1 जनवरी की शाम लगबघ 6.30 बजे रामदेव ने पत्नी रुनिया उर्फ रनिया कोड़ाकू से खाना मांगा लेकिन बुजुर्ग महिला पति को तुरंत खाना नहीं डे पाई। ऐसे में आक्रोशित रामदेव कोड़ाकू ने बुजुर्ग महिला कि डंडे से बेदम पिटाई कर दी। डंडे से सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में किए गए वार के कारण महिला की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मृतिका के पुत्र 45 वर्षीय राजेश कोड़ाकू ने 2 जनवरी को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी रामदेव कोड़ाकू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी रामदेव कोड़ाकू के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत कार्रवाई की है।

### पति के गाली देने से नाराज पत्नी ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पति के गाली देने से नाराज हुई पत्नी ने कीटनाशक पी ली। परिजन उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी वेनोति तिर्की पति प्रभू तिर्की (42 वर्ष) 31 दिसंबर को परिवार के लोग नए उपज की खुशी में नया साल का त्यौहार मना रहे थे। इसी बीच परिवार के लोगों ने खाना पीना किया। शराब पीने के पश्चात पति घर के खलिहान में सोने चला गया। कुछ समय बाद पत्नी नशे की हालत में खलियान पहुंची और पति से गाली गलौज करने लगी। जिस पर पति ने भी उसे गाली दे दिया जिससे नाराज होकर पत्नी ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गत शाम उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर निकली भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल पंज प्यारे।



गतका का प्रदर्शन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्री गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख समाज द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से शुरू हुई शोभायात्रा। शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण किया। इस दौरान जगह जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया और लोगों ने पुष्प वर्षा की। शोभा यात्रा में गतका दल का प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। बता दें कि सिख समाज द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज अंबिकापुर द्वारा एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन का शुभारंभ दोपहर 2 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से हुआ। यह शोभायात्रा महामाया चौक, सदर रोड, जय स्तंभ चौक, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक निवास पहुंची। वहीं गुरुनानक निवास से पुनः शोभा यात्रा ब्रह्म रोड एवं देवीगंज रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंची और देर रात नगर कीर्तन का समापन किया गया। इस शोभायात्रा में पंज प्यारों के रूप में सतपाल सिंह छाबड़ा। गुरसेवक सिंह। नवराज सिंह बाबरा। हरमिंदर सिंह भामरा और गुरमीत सिंह भामरा शोभायमान थे और निशान साहिब की सेवा जसमीत सिंह छीना और गुरजोत सिंह चावला थे। नगर कीर्तन के दौरान गुरबाणी की मधुर गूंज, कीर्तन और एक स्वर में संगत की अरदास ने पूरे नगर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। मार्ग में खड़े नागरिक भी श्रद्धा से नतमस्तक होकर इस दिव्य आयोजन के साक्षी बने। इस अवसर पर इंटरनेशनल गतका ग्रुप दलेर खालसा द्वारा प्रस्तुत गतका (सिख मार्शल आर्ट) का शानदार और रोमांचक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। नगर कीर्तन में बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और सेवा, समर्पण एवं अनुशासन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। पूरे आयोजन में सिख मर्यादा, अनुशासन और सेवा भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

- गतका दल का प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र, लोगों ने किया स्वागत

कार्यक्रम के समापन पश्चात गुरु का अटूट लंगर श्रद्धा एवं प्रेमपूर्वक वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। मीडिया प्रभारी जगदीप सिंह छाबड़ा ने बताया कि नगर में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर निकला यह पावन नगर कीर्तन धार्मिक सौहार्द, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना का सशक्त प्रतीक बन गया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के प्रधान गुरचरण सिंह छाबड़ा और सचिव हर्षप्रीत सिंह धंजल सहित समाज के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

### जांच उपरान्त कलेक्टर के निर्देश पर पात्र को मिली नियुक्ति

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 4 आंबा सहायिकाओं की नियुक्ति निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्र बहेराटोली, कटहरपारा, धाजापाठ व डूमरपानी में फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत अरमाना पति शमशेर आलम, रिजवाना पति अमरूद्दीन, प्रियंका यादव पति आशीष यादव व सुशीला सिंह पति उमाशंकर की नियुक्ति को अपील प्रकरण में बलरामपुर-रामानुजगंज कलेक्टर राजेंद्र कटारा द्वारा निरस्त किया गया है। उनके द्वारा 15 दिवस के भीतर पात्र अभ्यर्थी के पक्ष में नियुक्ति आदेश जारी करने के निर्देश परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना शंकरगढ़ को दिए गए थे जिसके अनुपालन में परियोजना अधिकारी शंकरगढ़ द्वारा उक्तानुसार चारों आंगनबाड़ी केंद्रों में पात्र अभ्यर्थियों (अपीलार्थीगण) के पक्ष में नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र बहेराटोली में श्रीमती गायत्री पैकरा, कटहरपारा में अंजली तिर्की, धाजापाठ में सुषमा रवि व डूमरपानी में उर्मिला उरांव को आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्त किया गया है।



बताया जा रहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र बहेराटोली के अभ्यर्थी श्रीमती गायत्री पति हेमंत पैंकरा द्वारा आंगनबाड़ी भर्ती में हुए फर्जीवाड़ा की लिखित शिकायत अगस्त 2025 में कलेक्टर बलरामपुर के समक्ष जनदर्शन में की गई। जिसके संबंध में विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश डीईओ एवं एसडीएम शंकरगढ़ को दिए गए थे। डीईओ द्वारा बीईओ कुसमी, शंकरगढ़ एवं राजपुर को शामिल करते हुए संयुक्त जांच दल गठित किया गया। इस पूरे प्रकरण में जांच दल में शामिल तत्कालीन बीईओ कुसमी रामपथ यादव, तत्कालीन बीईओ राजपुर आदित्य पाटनवार, तत्कालीन बीईओ शंकरगढ़ जय गोविंद तिवारी ने इस मामले की जांच की। संयुक्त जांच दल ने जांचोपरांत फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार करने में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने एवं चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त करने की अनुशंसा की थी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी ⏭ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### जपं सदस्य पद के लिए भागवत विजेता घोषित

**अनूपपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 पद के लिए 29 दिसंबर 2025 को संपन्न हुए मतदान में प्राप्त मतों की गणना जनपद पंचायत कार्यालय पुष्पराजगढ़ में संपन्न हुई। जिसके अनुसार जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम करपा निवासी भागवत सिंह तेकाम विजेता घोषित किए गए। उन्हें 1355 मत प्राप्त हुए। जनपद सदस्य पद के लिए कोमल सिंह धुर्वे को 1013, राजेश कुमार बैगा को 871 तथा नोटा में 227 मत प्राप्त हुए।

### सामूहिक विवाह की तिथियां निर्धारित

**अनूपपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में जिले में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित कर दी गई है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक केके सोनी ने बताया कि 16 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत जैतहरी के जनपद पंचायत प्रांगण मं, 19 फरवरी को जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) के सामुदायिक भवन प्रांगण बदरा में तथा 26 फरवरी को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के खेल मैदान एमपीईबी पुष्पराजगढ़ में सामूहिक विवाह का आयोजन होगा।

### जिला स्वच्छ भारत मिशन की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचारों को बढ़ावा देना रहा। बैठक में जिले में संचालित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों की प्रगति, फीकल स्लज प्रबंधन, तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण में श्रेडर प्लास्टिक के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में ग्राम पंचायत चनवारीडांड में स्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के सुचारू संचालन को लेकर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर मल्टीलेयर प्लास्टिक की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**अनूपपुर।** शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिए सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखंड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं,उन्हें अपने-अपने भू-खंड एवं कृषि भूमियों का समग्र आईडी एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखंड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखंडों, प्लाट एवं मकानों की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।

### पक्के शेड की सुविधा से बकरी पालन

**बैकुण्ठपुर।** वनांचल में रहने वाले परिवारों के लिए बकरी पालन एक पारंपरिक कार्य रहा है। इस कार्य में उन्हें मिलने वाली एक मदद उनके आजीविका में सुधार का एक बड़ा कदम साबित हो रही है। कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत मुख्यालय ग्राम में रहने वाले श्री रामलाल के लिए मनरेगा योजना के बने पक्के बकरी पालन शेड ने अब सब कुछ बदल दिया है। वह अब एक उन्नत बकरी पालक बनकर बड़ी संख्या में बकरी पालन कर रहे हैं। इस परंपरागत कार्य में अब उनका पूरा परिवार लगा हुआ है और हर दो-तीन माह बाद एक अच्छी आय होने से अब उन्हें रोजगार की कोई चिंता नहीं रह गई है। सोनहत में रहने वाले किसान रामलाल बताते हैं कि पहले उनका अपना कच्चा मकान था और मकान के एक हिस्से में अपने लाभ के लिए कुछ बकरियों को रखते थे, लेकिन मौसमी बदलाव में बकरियों को पालना बेहद कठिन था और अक्सर उन्हें नुकसान उठाना पड़ता था। गांव में ही एक किसान के पक्के बकरी शेड से प्रभावित होकर उन्होंने अपने लिए एक पक्के बकरी पालन शेड की मांग रखी। ग्राम पंचायत द्वारा उनके आवेदन को अनुशंसित किया गया, जिससे महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत उनके लिए एक पक्के बकरी पालन शेड की स्वीकृति हुई। 1 लाख 25 हजार रूपए की लागत से ग्राम पंचायत द्वारा रामलाल के लिए एक पक्का बकरी शेड समय पर तैयार कर दिया गया।

---

### समूह में निकली बच्चों की टोली, बोले- छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा

# ग्रामीण अंचल में छेरता पर्व की रही धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- पूरे उल्लास के साथ मना पारंपरिक पर्व

प्रदेश के प्रमुख लोक पर्वों में शामिल छेरता पर्व को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस पारंपरिक पर्व को पूरे उल्लास के साथ मनाते नजर आए। पर्व की खुशी एक सप्ताह पूर्व से ही लोगों में दिखाई देने लगती है और छेरता के दिन पूरे क्षेत्र मं उल्लास छा जाता है।

शनिवार सुबह होते ही बच्चों की टोलियां घर-घर छेरता मांगने निकल पड़ीं। बच्चे छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा गाते हुए अनाज मांगते रहे। कहीं समूह में तो कहीं एक-दो बच्चे ही झोला लेकर घरों तक पहुंचे। ग्रामीणों ने बच्चों को धान, चावल, दाल सहित अपनी क्षमता अनुसार नगद राशि देकर विदा किया।

उल्लेखनीय है कि छेरता पर्व को अन्नदान के महापर्व के रूप में जाना जाता है। इस दिन जो भी मांगने आता है, उसे अन्न अवश्य दिया जाता है। बच्चों के साथ-साथ कई बड़े भी घर-घर जाकर छेरता मांगते हैं और उन्हें भी सम्मानपूर्वक अन्नदान दिया जाता है। किसानों द्वारा फसल कटाई के बाद यह पर्व विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है।

#### देर रात तक चला लोकड़ी नृत्य

शनिवार को दिनभर छेरता मांगने के बाद शाम ढलते ही ग्रामीण अंचलों में युवक-युवतियों द्वारा पारंपरिक लोकड़ी नृत्य का आयोजन किया गया। ठंड के बावजूद देर रात तक गांवों के विभिन्न मोहल्लों में लोकगीतों और नृत्य की धूम बनी रही।

#### घर-घर बने पारंपरिक पकवान

छेरता पर्व के अवसर पर घर-घर पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। गांवों में विभिन्न पकवानों की खुशबू फैल गई और एक-दूसरे को भोजन कराने की परंपरा निभाई गई। आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे का वातावरण पूरे दिन बना रहा।

#### आज मनाई जाएगी पिकनिक

छेरता पर्व के दिन एकत्र किए गए अनाज को बच्चे आपस में बांट लेते हैं या बेचकर राशि प्राप्त करते हैं। कई स्थानों पर बच्चे और युवा अगले दिन पिकनिक का आयोजन करते हैं, जो आसपास के पिकनिक स्थलों या गांव के किसी घर में सामूहिक रूप से मनाई जाती है।

#### क्षेत्र स्तर पर भी रही छेरता पर्व की धूम

**सोनहत।** खंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में 3 जनवरी को छेरता पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बच्चें, महिलाएं और युवाओं की टोलियां मोहल्लों व पारों में घूमती रहीं और लोकगीतों के माध्यम से अन्नदान की मांग की। छोटे बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि दिनभर छेरता रोटी और अन्न मांगने का सिलसिला चलता रहा, जबकि रात्रि में घर-आंगनों में लोखरी गायन किया गया, इसमें महिलाओं ने दान स्वीकार किया। इस पर्व ने क्षेत्र में खुशहाली, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

---

## कार-बाइक की भीषण टक्कर युवक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

- कैलाशपुर खाड़ नाला पुल के पास हादसा

कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम कैलाशपुर से कुछ दूरी पर स्थित मुख्य सड़क के खाड़ नाला पुलिया के पास शनिवार 3 जनवरी को दोपहर लगभग कार और बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनहत की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 15 ए 5978 और विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही बाइक की पुलिया के ऊपर मोड़ के पास जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक वेद, निवासी कटकोना, उम्र लगभग 22 वर्ष, कार में फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक में सवार दूसरा युवक टक्कर के बाद दूर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार के चारों एयरबैग खुल गए, हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कार में सवार व्यक्ति मुख्यालय में सेवा दे रहे चिकित्सक बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों युवक बालमगढ़ी पहाड़ देखने के उद्देश्य से सैर-सपाटे पर निकले थे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच में जुट गई है।




दुर्घटनाग्रस्त वाहनें।

---

### नल है लेकिन टोटी नहीं...



**बैकुण्ठपुर।** सोनहत के मजार चौक के पास स्थित छोटी टंकी से पेयजल व्यवस्था की गई है। इसमें लोगों के पेयजल के लिए नल लगे हैं, लेकिन उनमें टोटी नहीं लगी है, इससे पेयजल जरूरत से ज्यादा बर्बाद होता है।

---

### नशे में कार चलाकर हुड़दंग मचा रहा युवक गिरफ्तार

**पटना।** जिले की पटना थाना पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब के नशे में कार चलाकर सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आर्टिगा कार को भी जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा मंदिर पटना-कटकोना रोड के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 0340 को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए हुड़दंग कर रहा था, जिससे आने-जाने वाले आम नागरिक परेशान हो रहे थे। सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए पुलिस स्टाफ एवं गवाह दिनेश जायसवाल व शंभु दयाल शुक्ला को साथ लेकर मौके पर पहुंची। मौके पर देखा गया कि एक युवक रात लगभग 21:30 बजे शराब के नशे में धुत होकर आर्टिगा कार से उत्पात मचा रहा था। गवाहों के समक्ष पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम उमेश सिदार पिता स्व. फागूलाल उम्र 22 वर्ष निवासी कटकोना थाना पटना बताया। आरोपी का शराब सेवन संबंधी चिकित्सीय परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में कराया गया, जहां डॉक्टर द्वारा मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का सेवन करना लेख किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 36 (च)(2) आबकारी अधिनियम एवं धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर घटना में प्रयुक्त आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 0340 को विधिवत जब्त किया गया।

---

## कलेक्टर के निलंबन आदेश को कमिश्नर ने किया निरस्त

### कर्मचारी हड़ताल के दौरान समर्थन मांगने के आरोप में की गई थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




एमसीबी जिले में कलेक्टर द्वारा की गई तीन शासकीय कर्मचारियों की निलंबन कार्रवाई को सरगुजा कमिश्नर ने निरस्त कर दिया है। कमिश्नर के आदेश के बाद तीनों कर्मचारियों को उनके पूर्व पदस्थापना स्थल पर पुनः बहाल कर दिया गया है। यह कार्रवाई कर्मचारी हड़ताल के दौरान समर्थन मांगने के आरोप में की गई थी।

सरगुजा कमिश्नर द्वारा जारी आदेश में लेख किया गया है कि कर्मचारियों को हड़ताल के दौरान समर्थन मांगने के आधार पर निलंबित किया गया जो नियमसम्मत नहीं है। आदेश में कलेक्टर की कार्रवाई को अनुचित और द्वेषपूर्ण मानते हुए निलंबन को निरस्त किया गया। इस पूरे प्रकरण में पूर्व विधायक एवं छग ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रांताध्यक्ष गुलाब कमरो ने शुरू से ही निलंबन को अलोकतांत्रिक और सत्ता के दुरूपयोग का मामला बताया था। वे कर्मचारियों के धरना-प्रदर्शन के दौरान स्वयं स्थल पर पहुंचकर उनके समर्थन में खड़े रहे। निलंबन निरस्त होने के बाद पूर्व विधायक ने कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह केवल तीन कर्मचारियों की नहीं बल्कि सत्य, संविधान और कर्मचारी एकता की जीत है। उन्होंने संघर्ष में साथ देने वाले सभी कर्मचारी संगठनों, फेडरेशन पदाधिकारियों और जनसमर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। निलंबन निरस्त होने के बाद कर्मचारी एवं फेडरेशन के पदाधिकारी शंकर सुमन मिश्र, गोपाल सिंह, प्रेमचंद गुप्ता, गोपाल बुनकर और संजय पांडे ने पूर्व विधायक से उनके निवास पर मुलाकात कर समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

---

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, छात्रों का भोपाल शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कोरिया जिले के विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य के बाहर 30 से 31 दिसंबर तक दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर भोपाल ले जाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

इस भ्रमण में मार्गदर्शक शिक्षक कमल डडसेना, व्याख्याता सेजेस चरचा एवं बृजलाल दीवान, शिक्षक माध्यमिक शाला बासनपारा ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया। भ्रमण के पहले दिन छात्रों को क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भोपाल ले जाया गया, जहां विद्यार्थियों ने विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित लगभग 100 से अधिक वैज्ञानिक मॉडल का गहन अवलोकन किया। मार्गदर्शक शिक्षक कमल डडसेना ने प्रत्येक मॉडल से जुड़े नियम, सिद्धांत एवं उनकी व्यावहारिक उपयोगिता को सरल भाषा में समझाया,इससे छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान हुआ और उनमें विज्ञान के प्रति और अधिक रुचि विकसित हुई। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में करें।

---

### जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार, 2500 जब्त

**बैकुण्ठपुर।** जिले के चरचा थानांतर्गत ग्राम सरडी के हरिजनपारा में महुआ पेड़ के नीचे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगद राशि, 52 पत्ती तास एवं अन्य सामग्री जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरचा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सरडी हरिजनपारा में कुछ लोग 52 पत्ती तास से रूपए का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस गवाह जहेन्द्र राजवाड़े एवं धमेन्द्र कुशवाहा को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुंची, जहां पुलिस को देखकर कुछ जुआरी भाग निकले, जबकि तीन आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया। कृष्णा प्रसाद पिता स्व. जगतराम पनिका उम्र 67 वर्ष निवासी शिवपुर, जिनके फड़ से 1100 रूपए व पास से 200 रूपए, अखलेश किण्डो पिता जोगेन्द्र जाति उरांव उम्र 35 वर्ष निवासी आमगांव जिनके फड़ से 400 रूपए व पास से 100 रूपए, उमेश राजवाड़े पिता आकाश राजवाड़े 25 वर्ष निवासी सरडी जिनके फड़ से 500 रूपए व पास से 200 रूपए जब्त किए गए।

---

## पनिका समाज की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम पुसला में बीते 28 दिसंबर को पनिका समाज की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला गठन के बाद सोनहत ब्लॉक की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक केदौरान सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण चिकनजूरी द्वारा जिला स्तरीय बैठकों में लगातार अनुपस्थिति को लेकर समीक्षा की गई तथा सोनहत ब्लॉक में एक बड़े सम्मेलन के आयोजन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ने समाज के समक्ष आश्वस्त किया कि आगामी जिला कमेटी की बैठक में वे अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा जिला स्तर पर लिए गए सभी निर्णयों का पालन किया जाएगा। समीक्षा बैठक में यह विषय भी सामने आया कि जिला कार्यकारिणी की अनुमति व सूचना के बिना समाज के कुछ लोग स्वयं को संरक्षक व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बताकर समाज को दो गुटों में बांटने एवं समाजजन को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए आगामी जिला स्तरीय बैठक में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष राजाराम जाता ने उपस्थित समाजजन को संबोधित करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी परिस्थिति में पनिका समाज को विभाजित नहीं होने दिया जाएगा और समाज की एकता सर्वोपरि रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष राजू गोयनकर, जिला महासचिव विजेन्द्र मानिकपुरी, मायाराम, उचितराम वरिष्ठ सदस्य, ब्लॉक सचिव बिशुनपुर चरचा राधेश्याम, ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत शिवचरण चिकनजूरी, ब्लॉक सचिव सोनहत शुकुल प्रसाद मरई सहित रवि पंडवार, दलवीर प्रसाद, रवि प्रसाद चिकनजूरी, बसंत लाल, रामसूरत, प्रयास कुमार, भोलाराम, सेन प्रताप, संतोष कुमार, नोहर लाल, कमल साईं, सुरेश कुमार, कोमल दास, भोले कुमार, वेदांती प्रसाद, ओमप्रकाश पंडवार, रामकुमार बघेल, मुंगलाल पंडवार, गौरीशंकर पंडवार, शिवचरण तंजे, मनराखन, रामकुमार बाजर, कृष्ण कुमार, मोतीलाल खंडे, उमाशंकर, वंश जीवन, नोखेलाल सहित काफी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

---

### पटना पुलिस ने दर्ज किया मामला

# टोनही कहकर महिला फल विक्रेता से अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना




जिले के नगर पंचायत पटना के आदर्श चौक में फल की दुकान लगाकर जीवन-यापन करने वाली महिला के साथ टोनही कहकर सार्वजनिक रूप से अपमान, गाली-गलौज एवं मानसिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़िता तेंदुआ अवरापारा की निवासी हैं। उन्होंने पटना थाना में आवेदन देकर बताया कि वह अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए आदर्श चौक में फल की दुकान लगाती हैं।

महिला ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है ककृष्णाणचंद्र कुशवाहा पिता स्व. धर्मपाल कुशवाहा एवं उनके पुत्र कपिल कुशवाहा की फल की दुकान है। आवेदिका अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार अपनी दुकान के पूजा स्थल में लाल कपड़े में नारियल बांधकर रखती हैं। इसी धार्मिक प्रतीक को आधार बनाकर अनावेदक द्वारा उन्हें लगातार टोनही कहकर संबोधित किया जाता है तथा जादू-टोना करने का झूठा आरोप लगाया जाता है। पीड़िता के अनुसार 2 जनवरी को दोपहर लगभग 2 बजे जब वह अपनी दुकान पर फल बेच रही थीं, तभी अनावेदक ने सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करते हुए कहा कि तू टोनही है, जादू-टोना करके मेरी दुकान की बिक्री कम कर रही है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी धमकी दी कि मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। आरोप है कि अनावेदक ग्राहकों को भी यह कहकर रोकते थे कि इस टोनही से फल मत लेना, जिससे पीड़िता की दुकानदारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। लगातार हो रही इस प्रताड़ना से मीरा बाई मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान हो गई हैं और उनके परिवार के भरण-पोषण पर भी संकट उत्पन्न हो गया है।

उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा एवं न्याय की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अनावेदकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 296 एवं 3(5) तथा छग टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 4 एवं 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

## जिला पंचायत अध्यक्ष का ग्राम पंचायतों में जन-मिलन कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष एमसीबी श्रीमती यशवंती सिंह के नेतृत्व में जन-मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत मट्ठा एवं ग्राम पंचायत मोहनटोला, ग्राम पंचायत बहराशी अंतर्गत आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पंचायत सरपंच, उप सरपंच, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण तथा फील्ड कर्मचारी उपस्थित रहे। जन-मिलन कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आवास एवं मनरेगा से संबंधित कार्यों को शत-प्रतिशत प्रारंभ करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। श्रीमती यशवंती सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं।

## खबर संक्षेप



### भैयाथान में निकाली गई हेलमेट जागरूकता बाइक रैली

**भैयाथान।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत शुक्रवार को थाना झिलमिली पुलिस द्वारा भैयाथान मुख्य मार्ग में हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जागरूकता रैली एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी नसीम उद्दीन द्वारा किया गया। रैली के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों ने कहा कि बाइक या स्कूटी चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। उन्होंने बताया कि हेलमेट सिर की गंभीर चोटों से बचाव में अहम भूमिका निभाता है। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए। इस दौरान उप निरीक्षक अरविंद प्रसाद, प्रधान आरक्षक करण नेताम, महेंद्र यादव, मुकेश यादव, महेंद्र सिंह तथा आरक्षक बैजू सोलंकी, ताराचंद यादव, रामप्रसाद सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे।

### मोतियाबिंद से पीड़ितों की रौशनी लौटाने में जुटा नेत्र सहायक



**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में नेत्र सहायक के पद पर पदस्थ दुर्गेश त्रिपाठी द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति जो दृष्टिहीन से पीड़ित होता है उसको रोशनी देने में हर संभव मदद करने का प्रयास निरंतर होता है। हाल में ही शंकरगढ़ के धारानगर निवासी बैजू राम पहाड़ी कोरवा जो दिव्यांग होने के साथ ही पहले से ही उनकी दोनों आंख में मोतियाबिंद होने से कुछ भी दिखाई नहीं देता था। ऐसे में उसके लिए अपना दैनिक कार्य कर पाना बहुत मुश्किल हो गया। नेत्र सहायक अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी स्वयं मिलकर कई बार ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया जिसके बाद ग्रामीण ऑपरेशन के लिए तैयार हुआ। जांच उपरांत सफल ऑपरेशन होने पर बैजू राम पहाड़ी कोरवा को पुनः नई रोशनी मिला जिसके बाद वह हर कार्य आसानी से कर पा रहा और परिवार के साथ एक स्वास्थ्य जीवन व्यतीत कर रहा।

### कुम्दा कॉलोनी निवासी युवक की हृदयघात से हुई मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी निवासी राकेश सिंह पिता राजनन्दन सिंह 36 वर्ष को शुक्रवार शाम पांच बजे हृदयाघात से निधन हो गया,बताया गया कि पिछले दिनो हृदय संबंधित समस्या होने पर परिजनों ने उसका इलाज कराया था जिसकी मेडिसिन चल रही थी,शुक्रवार को घर में ही अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई, हड़बड़ाहट में परिजन जब उसे लेकर केंद्रीय अस्पताल पहुंचे, तब जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया,पुलिस ने बताया कि मृतक अपने ससुराल कुमदा कॉलोनी में ही रहता था,वह मूलतः बिहार के गया जिले का निवासी था,पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

## जिले में धूमधाम से मनाया गया छेरता त्यौहार

# झोला, टोकरी लेकर छेरछेरा मांगने घर-घर पहुंची नन्हें बच्चों की टोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

छेरछेरा त्यौहार आज जिले में धूमधाम से मनाया गया। छेरता त्यौहार पर शहर की अपेक्षा ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला खासकर बच्चों में। सुबह से ही बच्चे कंधे में झोला लटकाए और हाथ में टोकरी पकड़े गली मोहल्लों में छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरेहेरा का नारा लगाते नजर आए। बच्चों की टोलियो द्वारा घर घर जाकर छेरछेरा मांगने का दौर रात तक चलता रहा है।

**खास बातें**

- देर शाम तक ग्रामीण क्षेत्रों में चलता रहा छेरछेरा मांगने का दौर
- छेरता त्यौहार को लेकर ग्रामीणों काफी उत्साह

पौष माह के पूर्णिमा के दिन मनाये जाना वाला छेरछेरा त्यौहार ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। धान कटाई और मिसाई पूरा होने तथा दो महीने के बाद फसल को घर तक लाने की खुशी में आज छेरछेरा त्यौहार पर ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आए। छोटे से लेकर बड़ो की अलग-अलग टोली गांव के घर घर जाकर छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरहेरा के नारा लगाते नजर आए। ठंड से लोग अलाव जलाकर घर के सामने बैठे रहे परंतु छेरछेरा पर्व को लेकर उत्साहित बच्चों की टोली ठंड की परवाह किए बगैर ही कंधे में झोला लटकाए और हाथ में टोकरी लेकर घर घर जाकर नारा लगाने के साथ ही आंगन में लाइन लगाकर बैठ छेरछेरा मांगा। बच्चों के उत्साह को देख गांव के लोगों ने भी टोली के सभी सदस्यों को धान का दान किया। हर घर से धान मिलने से बच्चे उत्साहित नजर आए और गली मोहल्लों में छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरहेरा के नारा लगाते रहे। बच्चों की टोली द्वारा घर घर जाकर छेरता मांगने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा है। रात में महिलाएं व पुरुष की टोली अलग-अलग पंथी बनाकर घर के सामने लोकडी के नाम से मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। छेरछेरा पर्व के दिन बच्चे पूरे गांव में भ्रमण कर दान एकत्र करते हैं। प्रत्येक घर से उनकी झोली श्रद्धा के साथ भरी जाती है। कुछ स्थानों पर महिलाओं द्वारा विशेष बनाए गए पकवान को बच्चों को प्रसाद स्वरूप दिया गया। लोक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव एवं माता अन्नपूर्णा से संसार के कल्याण एवं अन्न की प्रचुरता की कामना की गई थी। इसी विश्वास के तहत लोग मांगने आए बच्चों की झोली खाली नहीं जाने देते।



बच्चों को छेरछेरा के रूप में धान देती महिला।

### मनाते है पिकनिक

छेरछेरा त्यौहार पर बच्चों की टोली द्वारा घर घर जाकर नारा लगाने और धान का संग्रहण करते है। यह सिलसिला पूरे दिन चलता है। संग्रहित धान को बच्चों की टोली दुकान में बदल कर चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री लेते है और फिर टोली गांव के समीप ही पेड़ के नीचे पिकनिक मनाते है। हालांकि कई टोली के रात में लोकडी नृत्य प्रस्तुति करने कारण दूसरे दिन पिकनिक मनाने जाते है।

### दान से होती है धन की शुद्धि

किसानों की धान मिसाई हो जाने के कारण गांव के हर घर में धान का भंडार होता है। जिस कारण लोग छेरछेरा मांगने वालों को धान दान करते है। इस दिन लोग तलुआ रोटी समेत मांस-मदिरा को आहार मानकर सेवन करते है। ग्रामीण क्षेत्रों मं अधिकांश लोग खेती-किसानी पर निर्भर रहते है। मान्यता है कि अन्न दान करने का पर्व छेरछेरा मनाने तथा इस दिन धान दान करने से धन की शुद्धि होती है।

### रिश्तों में बढ़ता है मिठास

इस अवसर पर कई परिवारों में रिश्तेदारों, खासकर विवाहित बेटियों व बहनों को मायके या ससुराल आमंत्रित किए जाने की परंपरा है। उन्हें चूड़ा, गुड़ से भोजन भंजन खिलाया जाता है शाम को यथा संभव खाना खिलाकर रवाना करते है और भोज्य सामग्री उपहार स्वरूप देने की परम्परा है वही पर्व के माध्यम से सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी मधुरता देखने को मिली।

### सांस्कृतिक रंग में रंगा सरगुजा

दिनभर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। शाम ढलते ही कई गांवों में गाजे-बाजे, नृत्य-संगीत और लोकगीतों के साथ छेरछेरा लोकड़ी पर्व मनाया गया। कुछ गांवों में लोग रात तक नाच-गान करते रहे और प्रतीकात्मक रूप से चावल व पैसे एकत्र किए गए। ग्रामीण अंचल शनिवार को लोक आस्था, संस्कृति और सामूहिक सहभागिता के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया। छेरछेरा पर्व आधुनिकता के दौर में भी सरगुजा की लोक परंपराएं पूरी मजबूती से जीवित हैं।

## अवैध गन्ना परिवहन कर रहे ट्रक को प्रशासनिक टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



जिले में गन्ना के अवैध परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासनिक आदेशों, नियमों और कानूनों को खुली चुनौती दे रहे है। कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा गन्ना के अवैध व्यापार पर रोक लगाने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद रोजाना दर्जनों ट्रकों में भरकर गन्ना खुलेआम दिगर राज्य बाहर भेजा जा रहा है। बीती रात भी अवैध गन्ना परिवहन कर रहे एक ट्रक को प्रशासनिक टीम ने पकड़ा

हाल ही में कलेक्टर द्वारा गठित विशेष टीम के भ्रमण के दौरान एक वाहन को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया। पूछताछ में वाहन चालक ने स्वीकार किया कि वह गन्ना पश्चिम बंगाल के कोलकाता ले जा रहा था। जांच में सामने आया कि वाहन चालक के पास न तो कोई वैध परिवहन दस्तावेज था और न ही मंडी शुल्क का भुगतान किया गया था। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए गन्ना वाहन को शक्कर कारखाना परिसर लाकर अग्रिम कार्रवाई की गई। यह कोई इक्का-दुक्का मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कल्याणपुर क्षेत्र से अवैध गन्ना परिवहन करते हुए एसडीएम द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। बावजूद इसके अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। सूत्रों की मानें तो वर्तमान में भी जिले से रोजाना कई ट्रक गन्ना लोड होकर अन्य राज्यों की ओर रवाना हो रहे हैं, जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## पेड़ से गिरे ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** मवेशियों के लिए पेड़ से पत्ता तोड़ रहा ग्रामीण पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम गणेश मोड़ भवानीपुर के महकेपी निवासी प्रसन यादव आ. रामधनी यादव (52 वर्ष) शुक्रवार को गांव के समीप जोबला जंगल में मवेशियों के लिए पत्ता तोड़ने गया था। ग्रामीण पेड़ पर चढ़कर पत्ता तोड़ने लगा तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। इधर घटना को देखा पास ही मवेशी चला रहे एक ग्रामीण ने घटना की जानकारी उसके परिजन को दी। परिजन घायल को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान देर रात लगभग 1 बजे मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## महानदी पुल से मुक्तिधाम तक फैली गंदगी से ग्रामीणों में आक्रोश, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़



महानदी पुल से मुक्तिधाम घाट तक फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने साफ-सफाई किए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे मार्ग पर कूड़ा-करकट के साथ-साथ मुर्गी और मछली के अवशेष, पंख तथा अन्य अपशिष्ट बड़ी मात्रा में फेंके जा रहे हैं। इससे न केवल आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य सड़क पर संचालित मुर्गा एवं मछली दुकानदारों द्वारा खुलेआम गंदगी फैलाई जा रही है। मुर्गा और मछली काटने के बाद बचा हुआ गंदा पानी सीधे मुख्य सड़क पर बहा दिया जाता है, जिससे बदबू फैलती है और सड़क पर कई जगह कीचड़ हो जाता है। ऐसे में विशेष कर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामवासियों ने महानदी पुल से लेकर मुक्तिधाम घाट तक तत्काल साफ-सफाई कराई जाए तथा संबंधित दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी गंदगी न फैले, इसके लिए स्थायी व्यवस्था किए जाने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप, सरपंच अमिता पन्ना, उप सरपंच संजय बरगाह, जयप्रकाश यादव, राकेश गुप्ता, बबलू, ओम प्रकाश शास्त्री, सत्यनारायण अग्रवाल, सतनारायण गुप्ता, प्रेम नाथ गिरी, पांडव यादव, भोला राम यादव, निखिल, ऋतिक, क्रांतिकेश, आशीर्वाद पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।

## राज्यपाल की घोषणा के बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को मिला 5 कम्प्यूटर



**लखनपुर/रजपुरीकला।** राज्यपाल रमेन डेका द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, लखनपुर को डिजिटल शिक्षा की दिशा में सक्षम बनाने हेतु 5 कंप्यूटर सिस्टम प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने लखनपुर कस्तूरबा में बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में पुनः कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आगमन की इच्छा व्यक्त की।

विदित हो कि 6 अक्टूबर को पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में राज्यपाल आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा हेतु लखनपुर आए थे। जहां उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भ्रमण कर अध्ययनरत बालिकाओं से संवाद किया एवं बेहतर डिजिटल शिक्षा हेतु कंप्यूटर सिस्टम प्रदान करने की घोषणा की थी, जो आज साकार हुई। अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह को रायपुर राजभवन में आमंत्रित कर स्वयं अपने हाथों से यह सामग्री प्रदान की गई। जो विद्यालय के प्रति राज्यपाल के वृहद सोच को अभिव्यक्त करता है। विद्यालय की इस सफलता में जिले के कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा एवं जिला मिशन समन्वयक सर्वजीत पाठक का योगदान रहा है। अधीक्षक द्वारा विद्यालय एवं छात्राओ के सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा गया कि अब हमारी जिम्मेवारी और भी ज़्यादा बढ़ जाती हैं हम अपने पूरे स्टाफ एवं टीम के साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में हर संभव प्रयास कर के बेहतर परिणाम देंगे।






### मारपीट से गंभीर महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** नशे की हालत में पति ने न सिर्फ पत्नी से विवाद किया बल्कि उसकी बेदम पिटाई कर दी।



इधर मारपीट से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम नमदगिरी निवासी विफईया पति बसंत केवट (48 वर्ष) 30 दिसंबर को जब भाई दरोगा राम बहन दिल कुवर के यहां गया था तभी बहन विफईया भी वहां पहुंची और भाई को बताया कि 30 दिसंबर की रात पति बसंत ने उसके साथ नशे की हालत में जमकर मारपीट की। घटना की जानकारी लगने पर भाई दरोगा ने बहन विफईया को तत्काल सरस्वतीपुर कोनहाखार अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे दिन चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**

रा.मा.क्र.- /अ-21/2025-26
ग्राम-बादा प.ह.नं.- उप तह. बरियों

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम बादा प.ह.नं.- उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक केन्दल पहाड़ी कोरवा आ. मतवार पहाड़ी कोरवा निवासी ग्राम बादा तहसील राजपुर के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बादा स्थित सेटलमेंट से प्राप्त भूमि खसरा नम्बर-68/24 रकबा 0.219 हे. भूमि को रूपये की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक/क्रेता प्रेम सिंह आ. सुंतु राम जाति गोंड़ निवासी ग्राम बरियों तहसील राजपुर के पक्ष में सौदा तय कर विक्रय करने की अनुमति बावत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 165 (6) छ.ग. भू-रा. संहिता के तहत मय राजस्व अभिलेखों की प्रतिलिपि सहित कलेक्टर महोदय बलरामपुर-रा.गंज के समक्ष प्रस्तुत करने पर मूल प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त है।

उपरोक्त संबंध में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक 16/01/2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-30/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बरियों**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**


























## खबर संक्षेप



### पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने लोगों को दी समझाइश

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का सजगता से पालन करने हेतु डेन्जर्स एडवेंचर स्पोर्ट्स लोंगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य व पर्वतारोही एण्ड गिनिजेस बुक लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम के 4 सदस्यीय टीम ने सरगुजा पुलिस के साथ सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना मणिपुर क्षेत्रांतर्गत बिलासपुर चौक के पास सड़क पर आने जाने वाले वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने हेतु सामान्य निर्देश दिया गया। साथ ही दोपहिया वाहन चालक जिन्होंने हेलमेट लगाया था उन्हें गुलाब का फूल देकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हेलमेट नहीं लगाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट भेंट कर वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से पहनने की समझाइश दी गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा अमोलक सिंह ढिल्लो के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक उप निरीक्षक विजय कैवर्त्य, थाना प्रभारी प्रभारी मणिपुर सीपी तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### कन्या स्कूल में हुआ नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय अंग्रेजी पूर्वी तथा संस्कृत दीपकम भाषा का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सेजेस बिश्रामपुर में संपन्न हुआ। जिसमें 183 प्रशिक्षणार्थियों को डाइट से प्रशिक्षित प्रशिक्षक विवेक जायसवाल,सोमा घोष,रजनी बरेठ द्वारा अंग्रेजी विषय तथा राजकुमार अग्रवाल,लक्ष्मण प्रसाद तथा सुनीता सिंह द्वारा संस्कृत विषय के प्रशिक्षणार्थियों प्रशिक्षण दिया गया,प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह एवं व्याख्याता अमर कुमार जैन द्वारा किया गया,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल ने कहा कि आप इस प्रशिक्षण से जो कुछ भी सीख कर जा रहे हैं,वह तभी सार्थक होगा जब आप इसे अपने कक्षा कक्ष में लागू करेंगे तथा इसका सार्थक प्रभाव बच्चों पर दिखाई देने लगे,उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में गंभीरता के साथ सहभागिता निभाने की अपील की,अंतिम दिवस संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में बिताए गए समय को सार्थक बनाने पर बल दिया,उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्र में सक्रिय सहभागिता,समय प्रबंधन और व्यावहारिक सीख पर ध्यान देना आवश्यक है,साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को कक्षा शिक्षण में लागू करने की सलाह दी,प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रशिक्षण प्रभारी बिश्रामपुर संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय, पंकज कुमार सिंह, कीर्ति कौशल दुबे सक्रिय रहे, प्रशिक्षण के दौरान बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ अपने शैक्षणिक अनुभव को साझा किया।

## पेज 1 के शेष...

### पटवारी करता था कोचियों...

किसानों के रकबा में हेरफेर कर अवैध धान खपाने का काम करता था। पुलिस ने जांच के बाद सनावल निवासी 32 वर्षीय पटवारी संजय सोनी आ. नीलम सोनी व तालकेश्वरपुर निवासी 39 वर्षीय कोचिया राजेश कुमार आ. जलदेव प्रसाद गुप्ता को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसडीओपी रामअवतार ध्रुव ने बताया कि आरोपी पटवारी ही किसानों को झांसे में लेकर व प्रलोभन देकर उनके रकबा में हेरफेर करने का काम करता था। जांच के दौरान आरोपी पटवारी के खिलाफ सबूत मिले और पूछताछ के दौरान भी उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 4 आंब...

शंकरगढ़ के माध्यम से जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को प्राप्त होने पर उन्होंने दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु परियोजना अधिकारी कुसमी को अधिकृत करते हुए निर्देशित किए। उक्त मामले में थाना शंकरगढ़ में अरमाना, रिजवाना, प्रियंका, सुशीला व अन्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उक्त चारों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस द्वारा विवेचना में फर्जी अंकसूची अजीजी पब्लिक स्कूल भगवतपुर एवं कुसमी से तैयार कर जारी किया जाना पाए जाने पर समसुद्दीन अंसारी उसके पुत्र आबिद अंसारी, पुत्री शाहिना परवीन एवं अन्य 2 की भी गिरफ्तारी की गई थी। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई करने की जिम्मेदारी तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी शंकरगढ़ करुण डहरिया को सौंपी थी। जिसे उन्होंने बखूबी से निभाते हुए मामले में त्वरित जांच,दोषियों पर सख्त कार्यवाही और पात्र अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया।

## शोध एवं रोजगार परक विषयों पर फोकस

# एसजीजीयू ने शासन को भेजा शिक्षण विभाग का विस्तार करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का स्थानांतरण होने के बाद संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन शैक्षणिक विभाग के विस्तार को लेकर पहल प्रारंभ कर दी है। विवि प्रबंधन ने इसके लिए शासन को 24 विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांगी है।

**खास बात**
- नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने मांगी अनुमति

किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान उसके शोध कार्यो एवं शैक्षणिक गतिविधियों से बनती है। एसजीजीयू द्वारा प्रारंभ से ही विभिन्न शैक्षणिक विभागों का संचालन किया जा रहा है लेकिन शैक्षणिक विभाग अभी तक अपनी खास पहचान नहीं बना सके है। इसके पीछे एक बड़ा कारण विवि के पास मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी माना जा रहा है। एसजीजीयू द्वारा संचालित शैक्षणिक विभागों को अब तक अना भवन उपलब्ध नहीं हो सका है। सभी शैक्षणिक विभाग उधार के भवन में संचालित हो रहे है। एक-एक कमरे में विभागों का संचालन होने के कारण अब तक शैक्षणिक वातावरण तक का निर्माण नहीं हो सका है। भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का स्थानांतरण होने के बाद विवि प्रबंधन परिसर के निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके भवनों को शैक्षणिक विभागों का स्थानांतरण करने की तैयारियां कर रहा है। एक परिसर में सभी प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों का संचालन होने से प्रशासनिक शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से यह बदलाव करने की योजना है। विवि प्रबंधन ने पिछले साल 24 विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांगी थी लेकिन शासन ने इसकी स्वीकृति प्रदान नहीं की इस बार विवि प्रबंधन ने अपने प्रस्ताव में रोजगार एवं शोध परक पाठ्यक्रमों के साथ ही परम्परागत कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के पाठयकों को शामिल किया है। इन विशेष पाठ्यक्रमों को सरगुजांचल के युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



एसजीजीयू का प्रशासनिक कार्यालय।

#### इन पाठ्यक्रमों पर फोकस

विवि प्रबंधन ने शासन को विभिन्न 24 पाठ्यक्रमों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांगी है लेकिन प्रबंधन का फोकस विभिन्न सात पाठ्यक्रमों पर है। इन पाठ्यक्रमों में रूरल टेक्नालॉजी, भगवान बिरसा मुंडा ट्राइवल रिसर्च सेंटर, आर्यावर्त संस्कृति संग्रहालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रोबोटिक साइंस, ललित कला, एमए हिन्दी स्टडीज एवं वेदांता तथा एमबीए का पाठ्यक्रम शामिल है। कुल सचिव ने बताया कि रूरल टेक्नालॉजी के तहत 6 महीने के विभिन्न 40 डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने की योजना है जिसके तहत युवाओं को वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन, ट्रैक्टर मैकेनिक, ड्रोन संचालन सहित अन्य तहत के रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। तकनीकी पाठ्यक्रम युवाओं को उनके गांव में भी रोजगार उपलब्ध कराने में मददगार होंगे। भगवान बिरसा मुंडा ट्राइबल रिसर्च सेंटर के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, प्रचलित चिकित्सा पद्धति सहित अन्य संबंधित विषयों का अध्ययन एवं शोध किया जाएगा। इसी तरह आर्यावर्त सांस्कृतिक संग्रहालय एवं शोध केंद्र के माध्यम से भारतीय धर्म- संस्कृति एवं उसकी वैज्ञानिकता से संबंधित अध्ययन एवं शोध कार्य किए जाएंगे। इसी तरह रोबोटिक साइंस, ललित कला, एमए स्टडीज इन हिन्दी एण्ड बेंदात व एमबीए सरगुजा के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

#### विवि के समक्ष कई चुनौतियां

एसजीजीयू के समक्ष कई चुनौतियां भी है। विवि प्रबंधन पिछले तीन सालों से अधूरे भवनों के लिए राशि मिलने का इंतजार कर रहा है। नए पाठ्यक्रमों की मंजूरी मिल जाती है तो इन विभागों के लिए भवन सहित अन्य संसाधनों को जुटाना आसान नहीं होगा। अधिकारियों का कहना है कि राशि के लिए विवि प्रबंधन केंद्र सरकार एवं निजी संस्थाओं से संपर्क कर रहा है। केन्द्र शासन एवं निजी संस्थानों से इन शैक्षिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध होने को लेकर अधिकारी आश्वस्त है।

#### नहीं होगी समस्या

शासन को प्रस्ताव भेज कर अनुमति मांगी गई है। विवि को इन महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों के संचालन में कोई समस्या नहीं होगी। राशि के लिए केन्द्र शासन के साथ ही देश विदेश के निजी संस्थाओं से संपर्क किया जा रहा है।

-डॉ. एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव एसजीजीयू



### सुअर का अवैध शिकार करने वाले तीन आरोपियों की जमानत निरस्त

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत झारा जंगल में सुअर का अवैध शिकार कर मांस का विक्रय करने एवं पकाकर खाने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की जमानत अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले में अभी भी कुछ आरोपी फरार हैं जिन्हें तलाशा जा रहा है। वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत उपपरिक्षेत्र सनावल के झाल जंगल में 16 दिसंबर 2025 को ग्राम त्रिशुली निवासी कुछ ग्रामीणों ने फंदा लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया था। सुअर का शिकार करने के बाद आरोपियों ने सुअर के टुकड़े-टुकड़े कर कुछ प्रभावशाली लोगों को मांस का विक्रय किया था साथ ही पकाकर स्वयं भी खाया था। सूचना पर मामले में परिक्षेत्राधिकारी ने वन अधिनियम 1972 की धारा 9,50,51,52 एवं 39 के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। मामले में वन अमले ने ग्राम त्रिशुली निवासी अरूण आ. शिवनारायण, सुनील आ. राजकेश्वर, जितेन्द्र आ. रामकुमार एवं जयपाल आ. भुनेश्वर को गिरफ्तार कर 19 दिसम्बर को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। आरोपियों की जमानत के लिए परिजन ने रामानुजगंज न्यायालय में अर्जी लगाई थी। मामले की सुनवाई 2 जनवरी को हुई। परिक्षेत्र सहायक के रिमाण्ड आवेदन पर न्यायालय ने आरोपियों की जमानत निरस्त कर दी। वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि मामले के अन्य आरोपी फरार हैं जिन्हें गिरफ्तार करने विभाग की अलग-अलग टीमों को रवाना किया गया है।

## आमगांव कोयला खदान विस्तार के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान भाई-बहन को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खदान विस्तार के लिए ग्राम पटना की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अब भी जारी है,खदान विस्तार हेतु भू विस्थापितों को कोल इंडिया की पुनर्वास नीति के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

- तीन साल की ड्यूटी के बाद मिला प्रमोशन



इसी क्रम में ग्राम पटना की भूमि सबसे पहले खदान को देने वाले 22 भू-स्वामियों को अप्रैल 2022 में कैटेगरी मजदूर के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई थी जिसमें पटना निवासी सगे भाई-बहन भीमराव सिंह एवं भगवती देवी दोनों पिता स्व.आनंद राम भी शामिल रहे,तीन वर्षों तक कैटेगरी मजदूर के पद पर कार्य करने के उपरांत दोनों ने हाल ही में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर क्लर्क ग्रेड-III की पात्रता प्राप्त कर ली है,परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भीमराव सिंह को कुसमुंडा से रायगढ़ क्षेत्र तथा उनकी बहन भगवती देवी को बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थापना मिली है। भीमराव सिंह ने बताया कि उन्होंने समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर (एमए) तथा उनकी बहन भगवती देवी ने बीएससी उत्तीर्ण किया है,शनिवार को दोनों भाई-बहन ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह एवं महाप्रबंधक (संचालन) जीके रॉय से मुलाकात की,अधिकारियों ने इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए दोनों को निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की सलाह दी। महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि तीन वर्षों की ड्यूटी में भाई-बहन को प्रमोशन मिलना कंपनी की पारदर्शी कार्यप्रणाली और बेहतर नीतियों का प्रमाण है। महाप्रबंधक से मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय सर्वेक्षण अधिकारी वीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक के निज सहायक अजित नायर इस दौरान उपस्थित थे।

## जमदेई गांव में सजायाफ्ता ग्रामीण की धारदार हथियार से हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमदेई निवासी ग्रामीण जिसने अपने ही परिवार के तीन सदस्यों की 17 वर्ष पूर्व निर्मम हत्या कर दी थी,उस सजायाप्ता रामजतन पनिका नामक ग्रामीण की धारदार हथियार से हुई नृशन्स हत्या की गुत्थी 20 दिन बाद भी अब तक जयनगर पुलिस सुलझा नहीं पाई है। मामले में जयनगर पुलिस अब भी जांच जारी होने की बात कह रही है।

- घटना के 20 दिन बाद भी मामले का नहीं हो सका खुलासा
- गांव स्थित घर के नजदीक जमीन पर निर्माण कराने को लेकर कुछ लोगों से चल रहा था विवाद

उल्लेखनीय है कि 14 दिसंबर को ग्राम जमदेई निवासी 52 वर्षीय रामजतन पनिका की उसके घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी थी, हत्या होने की सूचना मिलते ही एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा एवं जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल फॉरेंसिक टीम एवं सर्च डॉग के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया,पुलिस के अनुसार रामजतन के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से किए गए गहरे वार के निशान पाए गए,शव का पंचनामा व कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम कराया गया,इसके बाद संदेह के आधार पर कुछ युवकों को पूछताछ के लिए थाना तलब कर बयान भी लिया गया। किंतु अब तक पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

बताया जाता है कि मृतक ने करीब 17 वर्ष पूर्व अपनी मां,पत्नी और बेटी की एक साथ हत्या कर दी थी, जिसके बाद वह जेल में सजा काट चुका था,जेल से रिहा होने के बाद वह पिछले तीन वर्षों से अकेला रह रहा था,इसके अलावा गाँव के कुछ और लोगों के साथ उसका जमीन में निर्माण कराने को लेकर विवाद भी चल रहा था।

इस संबंध में एसडीओपी अभिषेक पैकरा ने बताया कि पुलिस हत्यारों की पतासाजी में जुटी हुई है,जमीन विवाद समेत अन्य संभावित दृष्टिकोण से भी मामले की जांच की जा रही है,उन्होंने शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने की बात कही है।



तस्करों द्वारा काटे गए पेड़।

## नेशनल पार्क के जंगल में तस्करों ने काट डाले विशाल 30 पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

गुरू घासी दास टाइगर रिजर्व अंगत पार्क परिक्षेत्र रिहंद के सीमावर्ती जंगलों में एक बार फिर लकड़ी तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। तस्करों ने एक सप्ताह के भीतर बैजनपाट के बरपानी एवं जखमीखाड़ी के जंगल में 30 से अधिक महुआ एवं साल के विशाल पेड़ों को काट दिया है।

मध्यप्रदेश के सीमावर्ती बैढ़न जिला में इमारती लकड़ी की भारी मांग होने एवं अवैध चिरान की अच्छी कीमत मिलने के कारण तस्कर बेखौफ होकर टाइगर रिजर्व के जंगलों से अवैध कटई कर रहे हैं। वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों के साथ ही बडी संख्या में कर्मचारियों को पदस्थ किया गया है। शासन के निर्देश पर पार्क प्रबंधन द्वारा वनकर्मियों को नियमित सर्चिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जंगल की सर्चिंग तो दूर कर्मचारी वन क्षेत्र में यदा-कदा ही पहुंचते हैं तथा बैठे-बैठे सर्चिंग की खानापूर्ति करते हैं। बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई तक की सूचना अधिकारी-कर्मचारियों को नहीं है। ग्रामीणों द्वारा अवैध कटाई होने की सूचना देने के बावजूद स्थिति का जायजा लेने स्थल पर कोई वनकर्मी नहीं पहुंचा है। पार्क परिक्षेत्र रिहन्द में पेड़ों की अवैध कटाई की यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

- अवैध कटाई एवं तस्करी रोकने नहीं हो रही कोई पहल

ग्रामीणों का कहना है कि लकडी तस्करों की शह पर क्षेत्र के कुछ पेशेवर ग्रामीण हरे पेड़ों को काटते हैं तथा टांगी की मदद से जंगल में ही 3 इंच चौड़ी एवं 4 इंच मोटी सिल्ली बना देते हैं। तस्कर 5-6 सौ रूपए में इस सिल्ली को खरीद कर जंगल के रास्ते बैढ़न के सीमावर्ती गांव धरीमुड़ी तक पहुंचाते हैं जहां पूर्व से ही खरीददार मौजूद रहते हैं। ग्राम धरीमुड़ी में लकड़ी की सिल्ली 16-17 सौ रूपए में हाथों हाथ बिक जाती है। तस्कर बाइक की मदद से मकरादुआरी बैरियर के रास्ते भी आएदिन अवैध चिरान की तस्करी करते पाए गए हैं। नेशनल पार्क क्षेत्र में बडे पैमाने पर हो रही अवैध कटाई एवं लकड़ी तस्करी को लेकर विभाग द्वारा अब तक कोई भी कारगर पहल नहीं की गई है जिससे सामान्य जंगलों की तरह टाइगर रिजर्व के वनों का अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। संरक्षित जंगल में बेखौफ चल रही अवैध कटाई को लेकर क्षेत्रवासी विभाग के कर्मचारियों के संलिप्त होने का आरोप लगाते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मकरादुआरी बैरियर पर पार्क प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन कर्मचारियों को इसी रास्ते हो रही लकडी तस्करी की सूचना कभी भी नहीं मिल पाती।

इस संबंध में परिक्षेत्राधिकारी जितेन्द्र चन्द्रवंशी ने बताया कि अवैध कटाई की जांच कराई जा रही है।

### भैयाथान तहसील का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**भैयाथान।** कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा शनिवार को भैयाथान तहसील का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भटगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाली तहसील भैयाथान में कुल 44 नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया था। इनमें से 25 मतदाताओं की सुनवाई पूरी की गई। शेष मतदाताओं की सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। सुनवाई में संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ भी उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान प्राप्त दस्तावेजों के परीक्षण के लिए संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया गया है। नो-मैपिंग मतदाताओं के मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर समीक्षा की और उपस्थित संबंधितों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।




## आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल रखकर दिया एनएच 130 जाम

**अंबिकापुर।** शुक्रवार की रात एनएच 130 पर ग्राम शिवनगर में सड़क किनारे मौजूद 11 केव्ही के हाईटेंशन विद्युत पोल को तेज रफ्तार कोयला लोड हाइवा ने टक्कर मार दिया था जिंससे पोल टूटकर जमीन पर गिर गया और पूरे गांव में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। लाईट गोल होने पर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना दी लेकिन सुधार कार्य नहीं हुआ। ऐसे में शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने एनएच 130 पर फिर से विद्युत पोल को रखकर विरोध स्वरुप एनएच जाम कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 के जाम होने से आवागमन प्रभावित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान जाम से एनएच पर यात्री बसें व अन्य छोटे वाहन भी घंटों फंसे रहे और लोग परेशान होते रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके



पर पहुची तारा चौकी पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देकर मामला शांत कराया और विद्युत पोल को हटवाने के बाद सुबह लगभग 9.30 बजे जाम खुलवाया। इसके साथ ही विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत का काम शुरू किया हालांकि शिवनगर क्षेत्र में शुक्रवार की रात से विद्युत आपूर्त पूर्ण रूप से बाधित होने से क्षेत्र के लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और समाचार लिखे जाने तक शनिवार की रात 8.35 बजे तक भी गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी।

इस संबंध में तारा चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने बताया कि पोल टूटने के बाद विद्युत सुधार नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने पोल को सड़क पर रख दिया था जिसे हटवाया गया। विद्युत विभाग द्वारा सुधार का कार्य किया जा रहा है।





